# आर्ट्स और लॉ फील्ड में दिखी विद्यार्थियों की रुचि

## महाकौशल कॉलेज में विषय चयन के लिए निःशुल्क काउंसलिंग शिविर का शुभारंभ

जबलपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग द्वारा निःशुल्क काउंसलिंग शिविर का शुभारंभ हुआ।

शिविर में प्रो. अरुण शुक्ल ने विद्यार्थियों को विषय चयन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। काउंसलिंग के लिए उपस्थित हुए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में आर्ट्स एवं लॉ में प्रवेश के लिए अधिक रुझान दिखा। काउंसलर डॉ. उर्मिला शर्मा,डॉ. मधु अवस्थी ने जागरूक किया। डॉ. श्रद्धा तिवारी ने विद्यार्थियों की मनोवैज्ञनिक काउंसलिंग करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया। डॉ. सुमित पासी ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में मानसिक तनाव से कैसे बचना है। डॉ. रजनी रघुवंशी ने शिविर में सीबीटी संबंधी जानकारी प्रदान की। डॉ. नीलिमा ने विद्यार्थियों को विषय चयन संबंधी जानकारी प्रदान की। डॉ. अंशिका ने विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया। काउंसलिंग शिविर में लगभग 39 विद्यार्थी और 5 अभिभावकों की काउंसलिंग मनोवैज्ञानिक एवं अकादमिक काउंसलरों द्वारा की गई। पी-3